problems of Danapur Cantonment has been received from Shri Mohd. Moan Ansari, Chairman, Finance and General Committee of Danapur Cantonment. In his representation, he has raised inter-alia the following issues:

(i) To provide funds for repair of road, drains, bus stands, purchase of conservancy vehicles, installation of tube well & pump houses, construction of shopping complex etc.

(ii) Excision of civil areas of Danapur Cantonment and democratisation of Cantonment Boards by suitable amendments in the Cantonments Act, 1924.

(iii) Increasing the periodicity for assessment of annual rental value from 3 to 5 years.

(iv) Increasing strength of safai karmacharies.

As regards (i) above, Cantonment Board Danapur is a deficit Board and Central Government provides financial assistance to meet its administrative costs. During the current financial year, grants-in-aid of Rs. 24.45 lakhs and service charges of Rs. 11.80 lakhs have been paid to the Board. Due to financial constraints, it is not possible for the Central Government to provide more funds to the Board. As regards (ii) above, a proposal to excise; civil areas of Danapur Cantonment was taken up with the State Govt, of Bihar in 1982 who have not concurred in the proposal so far. Cantonment Boards are local bodies comprising elected as well as nominated members. There is no proposal to amend the Cantonments Act, 1924. As regards (iii) above, in view of the constantly increasing property value of buildings, it is not considered desirable to increase the validity period of assessment from 3 to 5 years as the Cantonment Board would be deprived of its legitimate share of revenue. As regards (iv) above, due to the financial constraints faced by the Cantonment Board, it is not feasi ble to increase the strength of safa karamchardes.

कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट द्वारा खरीद

2941. श्री शिवप्रसाद चनपुरिया : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट ऐसी वस्तुओं की खरीद कर रहा है जिनकी बिक्री बाजार में मंदी होने के कारण कम हो रही है और इस कारण इन वस्तुओं का अंबार लगता जा रहा है; और

(ख) बिना बिक्री वस्तुओं का क्या उपयोग किया जाता है ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) कैंटीन स्टोर विभाग, रक्षा सेनाओं के कार्मिक और अन्य पात्र श्रेणियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निर्माताओं आपूर्ति कर्ताओं से उपभोक्ता और घरेलू उद्योग की मदों की खरीद करता है। कैंटीन स्टोर विभाग की सामान सूची में से मदें हटाने और कम खपत होने वाले सामान को कम करने का काम चलता ही रहता है। जहां तक संभव होता है कम खपत वाली मदें पहले की गई विपणन शर्तों के अनुसार आपूर्तिकर्ताओं को लौटा दी जाती हैं। संविदाओं में वित्त संबंधी अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं भी की जाती हैं, ताकि जो सामान बिकता नहीं है उसके संबंध में कैंटीन स्टोर विभाग का जोखिम न्यूनतम से कम रहे।